जनपद हमीरपुर

थाना बिवांर **दिनांक 15.05.2026**

थाना बिवांर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 - 98/2026 धारा 103(1)/3(5) BNS से सम्बन्धित हत्या के वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

घटना का विवरण-

दिनांक 13.05.2026 को रात्रि करीब 11:50 बजे थाना बिवांर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छानी बुजुर्ग के पास एक अज्ञात व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई है। सूचना पर थाना बिवार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायल व्यक्ति को उपचार हेतु सीएचसी छानी ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान मृतक के सीने के बाईं ओर गोली लगने की पुष्टि की गई, तथा प्रारंभिक जांच में घटनास्थल पर गोली चलने के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। मृतक की पहचान सचिन पुत्र शुभकरन सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम पाटनपुर थाना बिवार जनपद हमीरपुर के रूप में हुई है।
वादी शुभकरन सिंह पुत्र स्व0 शिवधनी सिंह निवासी ग्राम पाटनपुर बिवांर हमीरपुर से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-98/2026 धारा 103(1)/3(5) BNS बनाम 1. शिवेन्द्र उर्फ बऊवा पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी कस्बा व थाना बिवांर हमीरपुर 2.दीपक सिंह चन्देल पुत्र योगेन्द्र निवासी स्थायी पता ग्राम सायर बिवांर हमीरपुर हॉलपता- रजमल मुहाल पटवा थाना बिवांर हमीरपुर व 01 अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही-

आज दिनांक 15.05.2026 को थाना बिवांर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. शिवेन्द्र उर्फ बऊवा पुत्र बृजेन्द्र सिंह 2. दीपक सिंह चन्देल पुत्र योगेन्द्र को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ महेरा मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उपरोक्त मुकदमें में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. शिवेन्द्र उर्फ बऊवा पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी कस्बा व थाना बिवांर हमीरपुर।
2.दीपक सिंह चन्देल पुत्र योगेन्द्र निवासी स्थायी पता ग्राम सायर बिवांर हमीरपुर, हॉलपता- रजमल मुहाल पटवा थाना बिवांर हमीरपुर।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज।

गिरफ्तारी का स्थान-

महेरा मोड़ पुलिया के पास से

पुलिस टीम-

1. नि0 नन्दराम प्रजापति (प्र0नि0)
2. उ0नि0 जगत नारायण यादव
3. उ0नि0 मो0 सुल्तान
4. का0 जय किशोर
5. का0 राजेश कुमार यादव